प्रस्तावों के आधार पर केन्द्रीय मंत्रालय/विभाग जनजातियों के विकास सहित राज्य में लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए केन्द्रीय/केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के तहत राज्य सरकार को निधियां आबंटित करते हैं।

Proposals for technical assistance by voluntary organisations

1461. SHRI VIRENDRA KATARIA: Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) the number of proposals submitted to Government by various voluntary organisations for technical assistance;

(b) what are the names of organisations which have submitted the project proposals;

(c) whether any technical assistance has been extended to them and if so, the details thereof; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHIR BUTA SINGH): (a) to (d) As regards consumer affairs, the Ministry of Civil Supplies, Consumer Affairs and Public Distribution does not provide any technical assistance to voluntary consumer organisations. No proposal appears to have been received by the Ministry in the matter.

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए चीनी की उपलब्धता

1462. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 30 जून, 1995 की स्थिति के अनुसार सार्वजनिक वितरण, प्रणाली के पास चीनी का कितना भंडार था;

(ख) वर्ष 1995 में राज्य-वार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए चीनी की कितनी मांग होने का अनुमान है;

(ग) क्या सरकार ने इस संदर्भ में कोई राज्य-वार सर्वेक्षण करवाया है;

(घ) क्या किसी अभाव का पूर्वानुमान है; और

(ङ) यदि हां, तो अभाव की पूर्ति करने के लिए क्या कदम उठाये गए हैं?

खाद्य मंत्री (श्री अजित सिंह) : (क) चीनी मौसम अक्तूबर से सितम्बर तक माना जाता है। तदनुसार, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की लिए अक्तूबर, 1994 से जून, 1995 तक लगभग 30.74 लाख टन मात्रा जारी की गई जिसमें कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का त्यौहार कोटा शामिल है।

(ख) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी०डी०एस०) के लिए चीनी आपूर्ति के वर्तमान आधार पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए 1995 में राज्यवार मांग संलग्न विवरण में दर्शाई गई है **(नीचे देखिये)**

(ग) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत (तदर्थ बढ़ोतरी को छोड़कर) चीनी की आपूर्ति 1.10.86 को जनसंख्या के संदर्भ में 425 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह आबंटन के सरकार के निर्णय पर आधारित है। सर्वेक्षण का प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ) चीनी के पिछले मौसम के पूर्वाशिष्ट स्टॉक तथा चालू पेराई मौसम 1994-95 के दौरान 143.00 लाख टन के अनुमानित उत्पादन को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए लेवी चीनी आबंटन के वर्तमान स्तर पर चीनी की पर्याप्त उपलब्धता रहेगी।